
हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 21 मार्च 2026

04 तेज बारिश और हल्की ओलावृष्टि फसलों को...



07 रात में बिगड़ा मौसम, आंधी के साथ हुई बारिश





## खबर संक्षेप

### आज ईद मनाई जाएगी मस्जिदों में विशेष नमाज़

**विदिशा।** रमजान के 30 रोजे पूरे होने के बाद चांद दिखते ही 21 मार्च को ईद-उल-फितर का पावन त्योहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर की ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में सुबह विशेष नमाज़ अदा की जाएगी। ईदगाह में सुबह 8 बजे, जामा मस्जिद व अन्य मस्जिदों में निर्धारित समयानुसार नमाज़ होगी। कमेटी ने प्रशासन से साफ-सफाई, बिजली और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### परशुराम जयंती को लेकर बैठक कल होगी

**विदिशा।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने तैयारियां शुरू हो गई हैं। भगवान परशुराम सेवा दल एवं ब्राह्मण महापंचायत द्वारा 22 मार्च रविवार शाम 4 बजे पेड़ी चौराहे स्थित होमगार्ड मंदिर में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में आयोजन को भव्य बनाने, कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने एवं समाज के सुझावों पर विचार होगा। इस वर्ष जन्मोत्सव स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है। विप्र समाज से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### सड़क हादसा, दो ट्रक भिड़े, दुकान में घुसे

**कुरवाई।** मेहलुआ चौराहे पर शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे भोपाल रोड से आ रही आयशर गाड़ी और सिरोंज रोड से आ रहे ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सामने की दुकान में घुस गए। हादसे में जोधपुर निवासी सगे भाई पदमाराम (60) और थानाराम (62) गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि अन्य दो को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जांच जारी है।

### राजेश मीणा सतपाड़ा हाट मंडल अध्यक्ष बने

**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी के



प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने जिला विदिशा के सतपाड़ा हाट मंडल के मंडल अध्यक्ष की घोषणा करते हुए राजेश मीणा को अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### याचिका दायर करने पदाधिकारी नियुक्त

**विदिशा।** शिक्षकों की पात्रता परीक्षा के संबंध में मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने सर्वोच्च न्यायालय में पुर्नविचार याचिका दायर करने का निर्णय लिया है। शिक्षकों के इस संगठन ने याचिका दायर करने व अन्य कार्य के लिए पदाधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री निरंजन सिंह घुरैया, अशोक दीपेरा, मप्र राज्य कर्मचारी संघ भोपाल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शाक्य, संभाग उपाध्यक्ष नारायण चतुर्वेदी को नियुक्त किया गया है। नियुक्त पदाधिकारियों से याचिका दायर करने की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की गई है।

### लोरी और प्रभाती से शिशुमन का संस्कार निर्माण : डॉ मीनू पांडेय

**विदिशा।** महाराणा प्रताप महाविद्यालय में बाल साहित्य शोध सृजनपीठ, साहित्य अकादमी के तत्वाधान में शिशुमन के मानस संस्कारों पर लोरी और प्रभाती के प्रभाव विषय पर विमर्श एवं काव्यपाठ आयोजित हुआ। निदेशक डॉ मीनू पाण्डेय ने कहा कि सभ्य समाज के निर्माण में लोरी और प्रभाती महत्वपूर्ण आधार हैं। डॉ अनीता तिवारी, डॉ रंजना शर्मा, यशवंत प्रताप सिंह राठौर, कमलेश बहादुर सिंह, रेखा दुबे व राजेंद्र श्रीवास्तव ने विचार रखे। दूसरे सत्र में काव्यपाठ हुआ। संचालन ध्रुव शर्मा व सतेंद्र सत्यज ने किया तथा आभार अरुण सोनी ने माना।

# आफत की बारिश, ओलों की मार

## दोपहर बाद अचानक से बदला मौसम ओलावृष्टि हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शुक्रवार को जिले में हुई ओलावृष्टि से नटेरन, शमशाबाद, कुरवाई तहसील के कई गांवों में किसानों की फसल बर्बाद हो गई।

कुरवाई तहसील के मंडीबामोरा क्षेत्र में बेर बराबर ओले बरसे। सीहोरा, फ्रीगंज, साकरोद, ककरुआ, नगवासा, लेटनी, पीकलोन, गुदावल, गंभीरिया सहित आसपास के करीब एक दर्जन गांव ओलावृष्टि से प्रभावित हुए हैं। शमशाबाद तहसील के कई गांवों में भी ओले गिरे। सांगुल में कई किसानों की फसलें खराब हो गईं।

### अंडियाखुर्द, सुरई मूडरा परस परसोरा में नुकसान

कागपुर क्षेत्र के खेतों में गेहूं, चना और सरसों की फसलें पूरी तरह पककर तैयार खड़ी हैं। जबकि कई जगह कटाई चल रही है। ओलावृष्टि से गेहूं की बालियां टूटकर जमीन पर गिर गईं, वहीं चना और सरसों को भी नुकसान हुआ है। किसान अब खेतों में पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। विदिशा तहसील में कागपुर के पास अंडियाखुर्द, सुरई मूडरा, परस परसोरा में ओलावृष्टि से फसलें तबाह हो गईं। किसान मनीष रघुवंशी, अरविंद शर्मा, संजीव रघुवंशी, तीरथराम शर्मा ने बताया कि फसलों को 100% नुकसान हुआ है। वहीं ओलावृष्टि से नटेरन क्षेत्र के पिपरिया सांगुल, आमखेड़ा सूखा में ओलावृष्टि से भारी तबाही हुई। कुछ ही मिनटों में खेतों से लेकर सड़कों तक बर्फ की सफेद चादर बिछ गई।

### ओलावृष्टि की सूचना बीमा कंपनी को दें किसान

कृषि विभाग के उपसंचालक केएस खपेड़िया ने कहा है कि जिन किसानों ने फसलों का बीमा कराया है वह ओलावृष्टि से हुए नुकसान की सूचना 72 घंटे के अंदर बीमा कंपनी को दें। विदिशा जिले में फसल बीमा योजना अंतर्गत एसबीआई क्रॉप इंश्योरेंस कंपनी कार्यरत है। ओलावृष्टि से हुए नुकसान की सूचना के लिए टेलीफोन नंबर 14447 है।



**शमशाबाद के सांगुल सहित कई गांव में हुआ नुकसान**

**शमशाबाद।** ओलावृष्टि से शमशाबाद तहसील के सांगुल गांव में फसलें तबाह हो गईं। सांगुल, हीरापुर से होते हुए नटेरन तहसील के गांव की ओर ओले बरसते चले गए। नायब तहसीलदार डॉ दर्शन लाल नेगी, पटवारी वीरेन्द्र मीणा ने बताया कि सांगुल में फसल कटाई के बाद ही नुकसान का आकलन हो पाएगा।

### खनिज विभाग ने बिलोरी गांव में पत्थरों के अवैध उत्खनन पर की कार्रवाई

# फर्शी, पत्थरों को हथौड़े से फोड़ा उत्खनन में प्रयुक्त उपकरण जब्त

## कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

**खनिज मुरम का अवैध परिवहन करने पर दो डंपर भी जब्त**



**विदिशा।** पत्थर की खदान पर पहुंचकर फर्शियां फोड़ते हुए खनिज विभाग का अमला।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा अवैध तरीके से खनिज के परिवहन और उत्खनन पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

शुक्रवार को प्रभारी खनिज अधिकारी एवं खनिज निरीक्षक ने खनिज अमले की टीम के साथ विदिशा तहसील के ग्राम बिलौरी गांव में पत्थरों के उत्खनन पर कार्रवाई की। टीम ने उत्खनन किए गए फर्शी, पत्थरों को हथौड़े से तोड़कर नष्ट कर दिया। उत्खनन में प्रयुक्त हथौड़े, छैनी, सब्बल, गुनिया आदि उपकरण भी जब्त कर लिए गए। हैं।

प्रभारी खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में भ्रमण के दौरान 2 डंपरों द्वारा खनिज मुरम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर डंपरों को जब्त कर पुलिस थाना करारिया एवं नटेरन में खड़ा कराया गया है। जिनके प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। जिले में रेत खदानों से खनन पर प्रतिबंध होने के कारण इनकी भी निगरानी की जा रही है। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उनके क्षेत्र में अवैध रेत खनन और परिवहन पर नजर रखी जाए और सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

### सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाया चेटीचंड, निकाली भव्य शोभायात्रा



**विदिशा।** सिंधी समाज द्वारा इष्ट देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली। 9 मार्च से 11 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिदिन आरती, 15 मार्च को वाहन रैली तथा 18 मार्च को प्रभात फेरी निकाली गई। चेटीचंड के दिन मंदिर में ज्योत प्रज्ज्वलन, बहिराणा साहिब की पूजा, भजन-कीर्तन, आरती कर प्रसादी वितरण व भंडारा हुआ। शोभायात्रा निकाली गई। बेतवा तट पर पूजा-अर्चना कर बहिराणा साहिब का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में समाज के लोग भजनों पर झूमते दिखे।

### स्टेशन पर निशुल्क जल सेवा का शुभारंभ कल

विदिशा। रेलवे स्टेशन पर निशुल्क जल सेवा की शुरूआत रविवार से होने जा रही है। प्लेटफार्म नंबर 1 पर रविवार सुबह 10 बजे शुभारंभ कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे, वरिष्ठ समाजसेवी मीना भरत अग्रवाल सहित समाजसेवी मौजूद रहेंगे।

# वन अमले को धमकी और कब्जे की कोशिश करने वाले पर एफआईआर दर्ज

## अतिक्रमण और धमकियों पर नहीं होगा समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो के आधार पर संज्ञान लेते हुए विदिशा वन विभाग ने वन



अमले को धमकाने के मामले में कथित अधिवक्ता देव ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। वन परिक्षेत्र उत्तर लटेरी में पदस्थ वनरक्षक वीरनारायण जोशी की शिकायत पर थाना मुरवास में 20 मार्च की दोपहर मामला दर्ज कराया गया। मामला ग्राम आलमपुर के कक्ष क्रमांक पी-358 की वनभूमि पर एडवोकेट देव ठाकरे के पिता हेमराज अहिरवार द्वारा किए गए अवैध कब्जे से जुड़ा है। 23 फरवरी को जब वन अमला नोटिस तामील करने पहुंचा तब आरोपी ने फोन पर वनरक्षक को धमकाते हुए वनभूमि पर न आने की चेतावनी दी थी। इसके बाद 25 फरवरी को ग्राम बलरामपुर में आरोपी ने वनरक्षक का रास्ता रोककर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की सुरक्षा और कर्मचारियों की गरिमा से कोई समझौता नहीं होगा।

### कल निकालेंगे भगवान मीनेष जयंती चलसमारोह

**विदिशा।** मीना समाज के आराध्य भगवान मीनेष की जयंती पर रविवार 22 मार्च को रामजानकी मंदिर ट्रस्ट मीणा समाज वैत्रवती तट पर सुबह 10 बजे से आराध्य देव मीनेष भगवान की पूजन हवन एवं प्रसादी वितरण होगा। दोपहर 12 बजे से होने वाले कार्यक्रमों में 2 बजे अतिथि सत्कार एवं जनसभा का आयोजन किया जाएंगा। इसके बाद दोपहर 3 बजे से चल समारोह प्रारंभ होगा। कार्यक्रम संयोजक जिलाध्यक्ष राजाराम मीणा ने समाजजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की हैं।

# वन विभाग की मिलीभगत से उजड़ रहे जंगल!

## ग्यारसपुर में 500 से अधिक सागौन के वृक्षों की कटाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर/हैदरगढ़

वन परिक्षेत्र ग्यारसपुर के मोहम्मदगढ़ क्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक 78 एवं 79 मर्दानपुर में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से सागौन सहित अन्य कीमती वृक्षों की कटाई हो गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वन माफिया बेखौफ होकर जंगलों को उजाड़ रहे हैं, जबकि जिम्मेदार वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि इमारती लकड़ी के रूप में उपयोग होने वाले सागौन के वृक्षों को बेरहमी से कुल्हाड़ियों से काटा गया है। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में लगभग 500 से अधिक पेड़ कटे हुए पड़े हैं और कई स्थानों पर सागौन की लकड़ी एकत्रित कर रखी गई है।


यह लकड़ी ईंट भट्टों और निजी उपयोग में लाई जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग की लापरवाही और कथित मिलीभगत के चलते जंगल तेजी से समाप्त हो रहे हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो पूरा वन क्षेत्र उजड़ सकता है। इस संबंध में वन विभाग की रेंजर मुस्कान से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है और जल्द ही इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नौनिहाल बच्चों की सेहत से खिलवाड़: अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन का पोषण आहार कर रहा बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़/ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील के हैदरगढ़ क्षेत्र में अमेरिकन फाउंडेशन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित किए जा रहे पोषण आहार की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठे हैं। स्थानीय अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि बच्चों को दिए जा रहे लड्डू, पोहा, लापसी और मीठा दलिया निम्न स्तर के हैं।

उनका कहना है कि लड्डू कच्चे आटे जैसे होते हैं, जो बच्चों के गले में फंस जाते हैं, जबकि पोहा भी अधपका रहता है, जिससे बच्चे इसे खाने से कतराते हैं। कई अभिभावकों ने बताया कि यह आहार खाने के बाद बच्चों को उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं हो रही हैं, जिसके चलते वे इसे देना बंद कर चुके हैं। नाराज अभिभावकों ने या तो योजना बंद करने या गुणवत्ता सुधारने की मांग की है। मामले में परियोजना अधिकारी अरुणकांत प्रजापति ने जांच का आश्वासन दिया है।



### समाज को नशे में धकेलने वाले अपराधी सजा से न बचें, टिप्स दिए

# कार्यशाला में कानून व विवेचना पर किया मंथन

- एनडीपीएस एक्ट की धाराओं, नवीन न्यायिक दृष्टांतों एवं जमानत प्रावधानों की जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



**विदिशा।** कार्यशाला के दौरान पुलिस अधिकारियों को समझाइश देते हुए न्यायाधीश।

जिला अभियोजन संचालनालय के तत्वावधान में शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम विदिशा में अभियोजन एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा ने एससी, एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के प्रावधानों व व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं विशेष न्यायाधीश मनोज शर्मा ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं, नवीन न्यायिक दृष्टांतों एवं जमानत प्रावधानों की जानकारी दी। एएसपी प्रशांत चौबे ने डिजिटल साक्ष्य के संग्रहण व सावधानियों पर विस्तार से समझाइश दी। कार्यक्रम का आयोजन सहायक निदेशक अभियोजन जेएस तोमर एवं एडीपीओ मनीष कैथोरिया के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में प्रमाण पत्र वितरण भी किया गया। संचालन निशांत अग्रवाल ने किया तथा आभार साकेत गोयल ने व्यक्त किया। कार्यशाला में जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सागर रोड पर कार्रवाई: 17 वाहनों की जांच, 9 वाहन जब्त किए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

परिवहन नियमों के उल्लंघन पर जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने शुक्रवार को सागर रोड पर चेकिंग अभियान चलाया।

कार्रवाई में 17 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए। इनमें से 8 वाहनों से 66 हजार 500 रुपए जुर्मान वसूला गया। वहीं 2 हजार 800 मोटरयान वसूला गया। 9 वाहनों को जब्त किया गया है। 8 वाहन ग्यारसपुर थाना तथा 1 परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया गया है। विभाग को जब्त वाहनों से लगभग 3 लाख अतिरिक्त राजस्व मिलने की संभावना है। अभियान में विशेष रूप से यात्री वाहन और डंपरों की जांच की गई।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5630
सरसों
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7225
चना
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-5475
मसूर
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-7620
शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3855
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-2940
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-2300
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3320
तुअर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6000
धनिया
न्यूनतम भाव-9550
उच्चतम भाव-9550
धान
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4090
बटरी
न्यूनतम भाव-3266
उच्चतम भाव-4410
मक्का
न्यूनतम भाव-1525
उच्चतम भाव-1600
मूंग
न्यूनतम भाव-5950
उच्चतम भाव-5950
मटर
न्यूनतम भाव-3785
उच्चतम भाव-3785

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 24623 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नपाकर्मी की मौत, परिजनों ने किया प्रदर्शन

**गंजबासौदा।** नपा में चालक मुकेश अहिरवार ने गत दिवस जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में मुकेश ने अपनी मौत के पहले एक वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था, जिसको लेकर परिजनों ने प्रदर्शन कर मामले की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

### नरवाई में आग लगाने पर बनाया प्रकरण

**गंजबासौदा।** उदयपुर में किसान द्वारा रात्रि के समय खेत की नरवाई में आग लगा दी गई। जिससे सैकड़ों बीघा की फसल जलने से बाल बाल बच गई।




नरबाई में आग लगने की सूचना मिलने के बाद पटवारी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया गया है। इस संबंध में तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि इस मामले में पंचनामा बनाकर किसान के खिलाफ प्रकरण बनाया गया है।

# ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 18.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर कीमत लगभग 2,00,000 रुपये जब्त की है। शहर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति पुरानी मंडी स्थित मंदिर के पास चबूतरे पर ब्राउन शुगर लेकर बैठे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की तलाशी लेने पर आरोपी नवलेश मैना निवासी नेगमा पिपरिया के पास से 7.85 ग्राम ब्राउन शुगर तथा आरोपी राकेश बंजारा निवासी ग्राम पिपरिया तहसील आरोन से 10.65 ग्राम ब्राउन शुगर सहित 18.50 बरामद कर जब्त की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अन्य साथियों के नाम बताए हैं, जिनके विरुद्ध पृथक से कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में टीआई संजय वेदिया सियाराम शर्मा, सुरेश रघुवंशी, आजाद सिंह, अभिषेक शुक्ला, अरुण छारी, सरमन साहू, सुमित अवस्थी, अखिलेश राजावत, अजित, धर्मेन्द्र, सौरभ, शिवानी मिश्रा की भूमिका रही।

## गुड़ी पड़वा के मौके पर रेलवे स्टेशन पर सार्वजनिक प्याऊ का हुआ शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुड़ी पड़वा के अवसर पर रेलवे स्टेशन पर नागरिक सेवा समिति द्वारा संचालित निशुल्क पानी की प्याऊ का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, स्टेशन अधीक्षक एसके पाल, सुरेश जैन, सतीश जैन मंत्री, संतोष उपाध्याय, राधेश्याम साहू अतिथि के रूप में मौजूद रहे। यहां उल्लेखनीय है कि प्याऊ की जल सेवा विगत 42 वर्षों से निरंतर जारी है जन सहयोग से यह व्यवस्था संचालित होती है। इस वर्ष की सेवा के प्रायोजक ओम हार्डवेयर परिवार है जिन्होंने स्वर्गीय राकेश जैन की पुण्य स्मृति में यह जिम्मेदारी स्वीकार की है। समिति द्वारा प्रायोजक परिवार का सम्मान किया गया। साथ ही वर्ष भर सेवाएं देने वाले साथियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर समिति के नानजी भाई शाह, सुरेश ताम्रकार, लाल बहादुर ताम्रकार, संतोष शर्मा, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, सतपाल तनवानी, राधेश्याम साहू, दयाशंकर जायसवाल, राम गोपाल गुप्ता, प्रकाश वाधवानी, प्रकाश माहेश्वरी, संतोष शर्मा, विनीत अरोरा ,जगदीश भावसार, तुलसीराम नामदेव, दयाशंकर जायसवाल, प्रदीप नेमा, गोविंद नारायण खंडेलवाल मौजूद रहे। संचालन रवीन्द्र जैन ने एवं आभार योगेश शाह ने व्यक्त किया।

### खेतों में खड़ी गेहूं की फसल, कटी पड़ी चने की फसल हुई खराब

# तेज बारिश और हल्की ओलावृष्टि फसलों को नुकसान,सर्वे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







इलाके में गुरूवार की रात तेज गरज चमक के बीच हल्की बारिश के बाद शुक्रवार को सुबह से दोपहर तक मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद अचानक से आसमान पर गहरी घटाएं छा गईं और तेज गरज चमक के साथ रह रहकर तेज बारिश होती रही। इस बीच मामूली ओलावृष्टि भी हुई। बारिश से जहां खेतों में खडी गेहूं की फसल सहित चने की कटी और खडी फसल भी खराब होने और दाने दागदार होने की स्थिति में आ गई है।

उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार को बारिश के संकेत दिए गए थे, लेकिन गुरूवार की रात से ही इलाके में मौसम बदल गया और रात में अचानक आसमान पर बादल छा गए और तेज आंधी एवं गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो गई। हांलाकि इस बारिश से फसलों को कोई विशेष नुकसान नहीं पहुंचा और सुबह मौसम साफ देखते ही किसानों को राहत महसूस हुई और वे अपनी फसलों को सहेजने में जुट गए। साथ ही पकी फसलों को हार्वेस्टर से गहाने का काम तेज हो गया। हांलाकि दोपहर तक मौसम साफ रहा और अच्छी धूप निकलती रही, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने फिर करवट बदली और गहरी घटाएं छाने के साथ ही तेज आंधी और गरज चमक के साथ इलाके में बारिश का दौर शुरू हो गया। इलाके में शाम तक रह रहकर तेज बारिश चलती रही। इस बीच नगर एवं आसपास के क्षेत्र में हल्की ओलावृष्टि भी हुई, जबकि कुछ गांवों में चने बराबर के ओले भी गिरे, जिससे फसलों को जबरदस्त नुकसान पहुंचा है। उधर तेज हवा के कारण खेतों में रखी कटी फसले उड़ गईं और हवा पानी से गेहूं की फसल अधिकांश जगह आड़ी हो गईं।

बेमौसम की इस बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी हैं। इस समय खेतों में गेहूं और चने की फसलें पककर पूरी तरह तैयार खड़ी हैं। कई जगहों पर कटाई का काम शुरू हो चुका है, तो कई किसान बस शुरुआत करने की तैयारी में ही थे। ऐसे में अचानक हुए इस बदलाव ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसानो का कहना है कि इस बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। गेहूं के दाने का रंग फीका पड जाने और चने मसूर में दाने दागदार होने से उनके भाव कम मिलेंगे। उधर कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे अपनी फसलों के नुकसान की सूचना 72 घंटे में संबंधित बीमा कंपनी को 44447 पर दें।

## टीईटी परीक्षा को लेकर आश्चर्यजनक स्थिति से शिक्षक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि टीईटी परीक्षा को लेकर बड़ी आश्चर्य जनक स्थिति है। प्रदेश के शिक्षामंत्री कहते है कि यह शिक्षकों की समस्या है वह खुद लड़ें, सुप्रीम कोर्ट का फैसला शिक्षकों के खिलाफ आया है इसलिए शिक्षकों को ही रिव्यू पिटीशन दायर करना चाहिए। जबकि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष छत्रवीर सिंह राठौर शिक्षामंत्री से मिलने के बाद कहते हैं कि सरकार शिक्षकों के साथ है और पुनर्विचार याचिका दायर करने पर विचार कर रही है। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव संजय गोयल ने जरूर शिक्षकों को आश्वासन दिया है कि अभ्यावेदन का परीक्षण कराया जाएगा और रिव्यू पिटीशन से पहले शासकीय अधिवक्ता और विधि विभाग से राय ली जायेगी। प्रांतीय उपाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति सरकार के तय मानकों के आधार पर हुई है, सरकार को तुरंत संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करना चाहिए। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा कि शिक्षक संगठनों की बैठक 29 मार्च को रखी गई है। जिसमें एकजुटता के साथ निर्णय लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। शिक्षक भयभीत न हो मध्य प्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन शिक्षकों के साथ अन्याय नहीं होने देगा। शिक्षक संगठन के अमर सिंह तोमर, संजीव रघुवंशी ,शफाकत हुसैन कादरी, विनोद श्रीवास्तव, लम्पूराम अहिरवार, निर्भयसिंह, दीपक नामदेव, रामराज सिंह दांगी, महेन्द्र सिंह रघुवंशी, भगवती सक्सेना, संजय नामदेव, देवेन्द्र सिंह दांगी, रामबाबू ,पूरन लोधी, मनोज गुप्ता, संजय अहिरवार, माधवी भाटिया, तृप्ति तिवारी, अनीता ठाकुर, सुनीता माथुर, सावित्री रिछारिया, निशा, रितुसिंह, सुनीता ठाकुर आदि शिक्षकों ने एक स्वर में शासन से मांग की है कि शिक्षकों पर आए इस संकट की घड़ी में अपनी जिम्मेदारी से पल्ला ना झाड़ें और जब शिक्षकों के पक्ष में न्यायालय से कोई आदेश आता है तब उस पर तत्काल अमल क्यों नही होता।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान झूलेलाल जयंती का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगर में भगवान झूलेलाल जयंती के पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गए थे। धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन सिंधी समाज द्वारा दिन भर चलता रहा। सुबह 8 बजे विशाल वाहन रैली निकाली गई। जिसमें नवयुवक नृत्य करते हुए चल रहे थे।

रैली पलोड़ पेट्रोल पंप, राजेंद्र नगर, सिरोंज चौराहा, सावरकर चौक, जय स्तंभ होते हुए नेहरू चौक, मराठा वाली गली से निकल कर मील रोड से वापसी सिंधी कॉलोनी पहुंची जहां उसका समापन हुआ। तत्पश्चात वार्ड नंबर 9 त्योंदा रोड सिन्धी कालोनी से सुबह 10:30 बजे जूलुश प्रारंभ हुआ। जिसमें आगे दो घोड़ों पर बेटियां विराजमान थी। एक चार पहिया वाहन पर बहराणा साहब को सजाकर उसकी ज्योत जलाकर रखा गया था। वहीं ट्रैक्टर ट्राली में एक सेवक को भगवान झूलेलाल का कट आउट बनाकर विराजमान किया गया था। उसके साथ ही भगवान झूलेलाल की तस्वीर बग्गी पर रखकर महिलाएं एवं पुरुष तथा नवयुवक मंडल भगवान झूलेलाल के जयकारे लगाते हुए नृत्य करते हुए चल रहे थे। जुलुश दोपहर 1 बजे सिंधी कॉलोनी वापिस पहुंचा जहां पर बहराणा साहब की विधि विधान से पूजन अर्चन अखो पाया गया।

तत्पश्चात आरती अरदास की गई कार्यक्रम उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं शाम 4 बजे बहराणा साहब का बेतवा रिपटा घाट पर पूजन अर्चन कर विसर्जन किया गया। उक्त आयोजन में संरक्षक लालचंद वासवानी, सत्यपाल तनवानी, जमीयत राय तनवानी, नरसिंह राय तनवानी ,भागचंद वासवानी, दिलीप मंगवानी, कन्हैयालाल वासवानी ,नानक मामा, सुरेश तनवानी ,किशोर उघाणी, प्रदीप खटवानी ,दिलीप तनवानी, राकू कटारिया ,श्याम वाधवानी, मनोज वासवानी ,दीपू बलेचा, विशाल वाधवानी गुड्डा, विशाल तनवानी, दीपू घिघानी ,खेमचंद मेहता, हसमत राय माधवानी, पंकज वासवानी, शंकर बलेचा, राजू मलकानी, दिलीप उधाणी, मोहन तनवानी, प्रेम तनवानी, बंटी लालवानी, प्रकाश वाधवानी, दीपू तनवानी, विनोद हुदवानी, नरेश कटारिया, हर्ष तनवानी, लालू मामा, चेतन कटारिया, तरू खिलवानी, यश तनवानी, दिलीप काशला, राकेश तनवानी, सोनू तनवानी, ऋषि कटारिया, टीकम वाधवानी, आकाश वाधवानी सहित समाज के पुरुष वर्ग, नवयुवक मंडल एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




**गंजबासौदा।** नव संवत्सर गुड़ी पड़वा वर्ष प्रतिपदा चेती चांद के अवसर पर भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुरूप साहित्यकार संघ द्वारा सामाजिक सरोकारों को अपने लेखन का आधार बनाने वाले अशोक शाह पेंटर एवं महिला सशक्तिकरण के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली रेनू गुप्ता एवं मीना शाह का पुष्पमाला, शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सौदान सिंह यादव, दिलीप नाहर मुख्य रुप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा किया गया। सृजननशील रचनाकारों बैद्यराज निहाल सिंह पंथी, कमलेश सोनी, ऋषभ बिंदास, राकेश जैन, जयकुमार शीतल, कमलेश बंसल, मेहताब सिंह विश्वकर्मा, अशोक जैन, डॉक्टर आरके जैन सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर हो रहा आयोजन

# सभी भगवान की शरण में आएं, परमात्मा से जुड़ें: कृष्णा मां





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा रजत जयंती समारोह के तहत कृष्णा मां की रसमयी वाणी से सप्त दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव का आयोजन चल रहा है।

कृष्णा मां ने अनेक कथाओं और दृष्टांगों के साथ कहा कि हर कथा में हनुमान जी मौजूद रहते हैं। लोग कहते हैं कि हम कथा में क्यों जाएं हमने थोड़े ही पाप किए हैं। जिन्होंने पाप किया है वह कथा में जाएं। इस पर कृष्णा मां ने कहा कि हर कथा में हनुमान जी मौजूद रहते हैं। तो क्या हनुमान जी ने पाप किए हैं जो हर कथा में कथा के समय मौजूद रहते हैं। इंसान के स्वभाव के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि इंसान जैसा चाहते हैं और वह हो जाता है, तो वह खुश हो जाते हैं और इंसान जैसा चाहते हैं वैसा नहीं होता, तो भगवान खुश हो जाते हैं। इस इस पर चर्चा करते हुए कहा है कि इंसान जैसा चाहते वैसा नहीं होने पर कहा कि ईश्वर हमें अनेक बुरे कर्म और बालों से बचता है। इसलिए कहा गया है कि जो ईश्वर चाहता है वही होता है भले ही हमें अच्छा लगे या बुरा लेकिन घटना दुर्घटनाओं से हमें बचाता रहता है भले ही हमें अच्छा लगे या बुरा। महिलाओं को सीख देते हुए कहा है कि वह अपनी सामान्य भाषा में किचन कहना बंद करें। किचन की जगह वह अब आज से रसोई घर, प्रसाद घर कहना शुरू करें। क्योंकि जब प्रसाद घर व रसोई घर में प्रसाद के रूप में भोजन बनता है तो उसका स्वाद कुछ और ही होता है। उन्होंने कहा कि आप सभी भगवान की शरण में आए और परमात्मा से जुड़े प्रकृति आपकी सेवा में पूरी तरह लगी हुई है। उन्होंने महिलाओं को सिंदूर के महत्व को बताते हुए कहा कि सिंदूर लगाने से कपाल मजबूत होता है, माताएं, बहनें सुहागिन लगने लगती है और माता बहनों की पहचान हो जाती है कि वह सुहागन है या विधवा, माता और बहने स्वयं जागें और अपनी बेटियों को जगाएं। आज के समय में अपनी अपनी बेटियों को संस्कार वान बनाएं। कई संस्कारवान बेटियां अपने आप को बगैर दाग के रखती है। जिनको कोई भी ना बहला सकता है और ना फुसला सकता है और ना ही कोई गलत राह पर चलने को मजबूत कर सकता है। उन्होंने आज की कथा में पंच कन्याओं के बारे में बताया। अहिल्या, तारा, मंदोदरी, कुंती और द्रौपदी के जीवन के बारे में चर्चा कर कई कथाएं सुनाई। अध्यात्मिक प्रवचन के चौथे दिवस के मुख्य यजमान राममणी राम बाबू ठाकुर परिवार रहा। नवरात्रि का दूसरा दिवस होने के बाद भी बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष आध्यात्मिक प्रवचन सुनने पहुंचे और धर्म लाभ लिया।

# भक्तमाल कथा एवं 21 हजार रुद्री निर्माण आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वेत्रवती तट स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान महाप्रभु जगन्नाथ जी एवं भगवान सीताराम के द्वितीय पाटोत्सव के अंतर्गत चल रहे नौ दिवसीय धार्मिक महोत्सव में शुक्रवार को आयोजन के द्वितीय दिवस पर विशेष रूप से 21 हजार रुद्री निर्माण संपन्न हुआ, जिसमें यजमान के रूप में शंकर सिंह रघुवंशी, संजीव रघुवंशी एवं भानु सिंह ठाकुर ने सहपत्नि शिवलिंग निर्माण एवं पूजन में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अनुष्ठान के दौरान वेद मंत्रों की गूंज और भक्तों की आस्था से आश्रम परिसर शिवमय बना रहा।

महोत्सव के अंतर्गत शनिवार से प्रतिदिन शाम 4 बजे से भक्तमाल कथा का आयोजन आश्रम परिसर में प्रारंभ होगा। कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक, ज्योतिषाचार्य, गोल्ड मेडलिस्ट भागवताचार्य पंडित डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री श्रीधाम वृंदावन द्वारा किया जाएगा। कथा में संतों की भक्ति, त्याग, सेवा और समर्पण की प्रेरणादायी गाथाएं प्रस्तुत की जाएंगी, जिससे श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर होंगे। शुक्रवार को आयोजन के दौरान आध्यात्मिक प्रवचन को संबोधित करते हुए आचार्य पंडित केशव शास्त्री द्वारा सनातन धर्म की महिमा एवं रुद्री निर्माण के आध्यात्मिक महत्व पर विस्तृत प्रवचन दिया गया। उन्होंने बताया कि रुद्री निर्माण केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सकारात्मक ऊर्जा और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पद्धति है, जो मानव को आत्मिक शांति, सदाचार और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि शिवलिंग निर्माण और रुद्री अनुष्ठान सनातन परंपरा के अत्यंत महत्वपूर्ण अंग हैं, जिनका वर्णन वेदों और पुराणों में विस्तार से मिलता है। शिवलिंग सृष्टि के मूल तत्व, ऊर्जा और चेतना का प्रतीक है, जो सृजन और संहार के संतुलन को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि जब श्रद्धालु स्वयं अपने हाथों से शिवलिंग का निर्माण कर उसका विधिपूर्वक पूजन करते हैं, तो यह केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं रहती, बल्कि साधक के भीतर सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास और आध्यात्मिक जागरण का संचार करती है। रुद्री निर्माण और शिवाभिषेक से वातावरण में शुद्धता आती है, नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि एवं मानसिक शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। आचार्य शास्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन धर्म की परंपराओं को समझना और अपनाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही परंपराएं हमें हमारी जड़ों से जोड़ती हैं और समाज में संस्कार, सेवा एवं समर्पण की भावना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे ऐसे धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर न केवल पुण्य लाभ प्राप्त करें, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी इन दिव्य परंपराओं से जोड़ें। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में नवदिवसीय धार्मिक आयोजन संपन्न हो रहा है। हो रहा है। समिति ने श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

खबर संक्षेप



## कल लगेगा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**सिरोंज।** महामाई सेवा समिति द्वारा मेले को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के साथ-साथ नवाचार करते हुए सामाजिक सरोकारों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में रविवार को एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा,जहां अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. विजय सक्सेना (मेडिसिन विशेषज्ञ), डॉ. पियुष गोयनका (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. नमन अग्रवाल (न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ) एवं डॉ. रेखा भाटी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) अपनी सेवाएं देंगे। इस स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण, ईसीजी जांच, रक्त की विभिन्न प्रकार की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर एवं ब्लड ग्रुप की जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। समिति द्वारा विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर और सहज स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें जिसमें समिति के संरक्षक एवं विधायक उमाकांत शर्मा तथा महामाई सेवा समिति के द्वारा अधिक अधिक लोगो से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में आधार कार्ड, समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड साथ लेकर आने की अपील की जिससे की सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा सके।

### अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से हरिभूमि की खास चर्चा

# सफाई कर्मचारी वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा: बोहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

**दैनिक हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सेनानी की सफाई कर्मचारी वर्ग की समस्याओं, अधिकार और शासन की योजनाए को लेकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सुभाष बोहत के सिरोंज आगमन पर विशेष चर्चा हुई। इस विशेष बातचीत में एडवोकेट सुभाष बोहत ने स्पष्ट किया कि सफाई कर्मचारी वर्ग आज भी शोषण का शिकार है और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा।**

**प्रश्न 1** आपके प्रथम सिरोंज आगमन पर आपका मुख्य उद्देश्य क्या है।

**उत्तर** – मेरा उद्देश्य सफाई कर्मचारी वर्ग की जमीनी समस्याओं को समझना और उनके अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। हम पूरे प्रदेश और देश में लगातार दौरा कर रहे हैं ताकि कर्मचारियों की वास्तविक स्थिति को सामने लाया जा सके।

**प्रश्न 2** सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के हित में कौन-कौन सी योजनाएं और नियम बनाए गए हैं।

**उत्तर** – शासन द्वारा अनेक पत्र, परिपत्र और आदेश नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषदों को जारी किए गए हैं। इनमें न्यूनतम वेतन, समय पर भुगतान, सुरक्षा उपकरण, स्थायी नियुक्ति और सामाजिक सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं शामिल हैं। लेकिन दुखद बात यह है कि इन आदेशों का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है।

**प्रश्न 3** क्या वास्तव में इन नियमों का पालन जमीनी स्तर पर नहीं हो रहा।

**उत्तर** – जी हां, मध्य प्रदेश में ऐसा कोई भी नगर निगम, नगर पालिका या नगर परिषद नहीं है जहां सफाई कर्मचारियों का शोषण न हो रहा हो। आदेश होने के बावजूद अधिकारी उनका पालन नहीं करते, जिससे कर्मचारियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**प्रश्न 4** क्या यह मामला कानूनी रूप से भी गंभीर है।

**उत्तर** – बिल्कुल यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम का उल्लंघन है। राष्ट्रीय स्तर पर भी आयोगों ने इसे गंभीर मुद्दा बताया है। यदि किसी अनुसूचित जाति कर्मचारी का शोषण होता है तो यह सीधा



कानून का उल्लंघन है।

**प्रश्न 5** फिर कर्मचारी शिकायत क्यों नहीं करते।

**उत्तर** – इसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी है। वाल्मीकि समाज ऐसा वर्ग है जो अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक नहीं है और कानूनी लड़ाई लड़ने में भी पीछे रहता है। यही कारण है कि गंभीर घटनाओं में भी रिपोर्ट दर्ज नहीं होती, जबकि शासन कार्रवाई और आर्थिक सहायता दोनों देता है।

**प्रश्न 6** ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों की स्थिति कैसी है।

**उत्तर** – सबसे ज्यादा दयनीय स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में है। पंचायत स्तर पर कर्मचारियों को मात्र 1000 से 4000 तक का वेतन दिया जा रहा है, जो बेहद शर्मनाक है। जबकि न्यूनतम वेतन 12000 से कम नहीं होना चाहिए। इसकी जिम्मेदारी जिला पंचायत और जनपद स्तर के अधिकारियों की है।

**प्रश्न 7** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की क्या स्थिति है।

**उत्तर** – जिला चिकित्सालयों में अधिकतर कर्मचारी आउटसोर्स पर हैं। उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलता और उनका शोषण होता है। उदाहरण के तौर पर विदिशा जिला अस्पताल में 27 कर्मचारी आउटसोर्स के हैं, एक भी नियमित कर्मचारी नहीं है। यह बहुत गंभीर विषय है।

**प्रश्न 8** इस स्थिति को सुधारने के लिए आपका संगठन क्या कदम उठा रहा है।

**उत्तर** – हम अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के माध्यम से लगातार आवाज उठा रहे हैं। प्रशासन को ज्ञापन दे रहे हैं, धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं और कर्मचारियों को जागरूक कर रहे हैं। यदि इसके बावजूद सुधार नहीं हुआ तो हम हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर करेंगे।

**प्रश्न 9** आप सरकार और प्रशासन को क्या संदेश देना चाहेंगे।

**उत्तर** – मैं कहना चाहता हूं कि अधिकारी अब भी समय रहते जाग जाएं। सफाई कर्मचारी भी इंसान हैं, उन्हें सम्मान और अधिकार मिलना चाहिए। यदि शासन के आदेशों का पालन नहीं हुआ तो यह आंदोलन और तेज होगा और हम कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे।

### संस्कारों की अनोखी मिसाल

## शिवान्या का जन्मदिन हिन्दू पंचांग अनुसार मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जहां आजकल जन्मदिन मनाने के आधुनिक तरीके तेजी से प्रचलित हो रहे हैं, वहीं जैतपुर गाँव के कुशवाह परिवार ने अपनी नन्हीं बेटी शिवान्या का जन्मदिन हिन्दू पंचांग की तिथि के अनुसार बड़े ही पारंपरिक और धार्मिक तरीके से मनाकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। परिवार द्वारा इस शुभ अवसर पर भगवान बाबा विश्वनाथ का विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजन किया गया।

पूरे कार्यक्रम में भक्ति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। इस जन्मदिन की विशेषता यह रही कि छोटी-छोटी कन्याओं को आमंत्रित कर उनका विधिपूर्वक पूजन किया गया। कन्याओं को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। साथ ही बच्चों को शिक्षा से संबंधित उपयोगी उपहार भी प्रदान किए गए, जिससे उनमें शिक्षा के प्रति रुचि और प्रेरणा जागृत हो। इस अवसर पर परिवार के मुखिया शिवान्या के दादा खुमान सिंह ने बताया कि हिन्दू पंचांग के अनुसार मनाए जाने वाले पर्व जैसे गुड़ी पड़वा,हिन्दू नव वर्ष,चैत्र नवरात्रि और अमावस्या हमारी संस्कृति और परंपराओं के आधार हैं। ये सभी पर्व हमें धर्म, संस्कार, सेवा और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। परिजनों का मानना है कि पाश्चात्य संस्कृति में मोमबत्ती बुझाकर जन्मदिन मनाने की परंपरा भारतीय संस्कृति के विपरीत है। इसके विपरीत, पूजा-पाठ, सेवा, दान और आशीर्वाद के साथ जन्मदिन मनाना अधिक शुभ और अर्थपूर्ण होता है। इस संस्कारपूर्ण आयोजन ने न केवल बच्चों को आनंदित किया, बल्कि समाज को भी एक सशक्त संदेश दिया कि आधुनिकता के साथ-साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं को अपनाकर ही सच्ची खुशियाँ प्राप्त की जा सकती हैं। नन्हीं शिवान्या के इस अनूठे जन्मदिन समारोह की सभी ने सराहना की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छात्र-छात्राओं और अभिभावकों का किया गया सम्मान



**सिरोंज।** डीबग क्लासेस के छात्र लकी अहिरवार, टीकाराम अहिरवार, अंश पटेल और छात्रा पलक दिनकर का चयन जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा 2025-26 में होने पर डीबग परिवार द्वारा सभी छात्रों को मेडल और सर्टिफिकेट और उनके अभिभावकों को हार-माला से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डीबग के संस्थापक नीलेश सरवैया,संचालक प्रवीण विश्वकर्मा और शिक्षक नवीन विश्वकर्मा, प्रकाश यादव,शिक्षिका रक्षिता नेमा उपस्थित रहे।

### त्योहार से पहले जुआ फड़ पर पुलिस का एक्शन

**टीकमगढ़।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर लिधोरा पुलिस ने जुआ गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए एक ही रात में दो स्थानों पर दबिश देकर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में की गई। थाना लिधोरा पुलिस ने कस्बे के बस स्टैंड के पास दबिश देकर 4 आरोपियों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा।

### नववर्ष पर सिद्ध आश्रम आमाढाना में भंडारे का आयोजन



**सिरोंज।** नववर्ष के अवसर पर नगर के सिद्ध आश्रम आमाढाना में श्रद्धा,भक्ति का अदभुत संगम देखने को मिला। दक्षिण मुखी हनुमान जी की स्थापना उपरांत आयोजित भंडारे में एक साथ हजारो श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। उल्लेखीय है कि सिद्ध आश्रम के वरिष्ठ मंहत पं संजय मेहता के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष सिद्ध बाबा आश्रम में भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र से बडी संख्या में श्रद्धालु पहुचतें है और प्रसादी ग्रहण करते है।

## नगर के सबसे व्यस्त नवीन टाकीज चौराहे पर फैला अतिक्रमण हटाया

### यातायात को व्यवस्थित करने पुलिस नगर परिषद सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

पुराने एनएच 12 मार्ग से नगर में प्रवेश के लिए नवीन टाकीज मार्ग चौराह पर सर्वाधिक यातायात सुबह से रात तक बना रहता है। इस चौड़े मार्ग पर बने फाउटेन फब्बारे को पिछले वर्ष तोड़ कर सडक़ को चौड़ी और अतिक्रमण मुक्त करने के बाद भी मुख्य सडक़ के दोनों और दुकानों का सामान, हाथ ठेले और अतिक्रमण के कारण हमेशा जाम लगने विवाद की स्थिति बनती है। नवरात्रि पर्व पर नगर का यातायात सुव्यवस्थित रहे इसके लिए पुलिस न.प. द्वारा संयुक्त रूप से व्यापारियों से चर्चा कर समस्या निदान का प्रयास किया गया।

नवीन टाकीज चौराहे से आते छोटा बाजार, बड़ा बाजार, सब्जी, फल मंडी और पुरानी वस्ती में प्रवेश के मार्ग जुड़े हुए है। नगर व्यापार संघ द्वारा समस्या को हल करने एसडीएम को ज्ञापन भी दिए गए।



**उठी मांग - नगर में बने पार्किंग स्थल**

मुख्य व्यापारिक केन्द्र बाजारों, सब्जी मंडी, छोटा बाजार, बड़ा बाजार, नवीन टाकीज चौराहा जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर एक भी वाहन पार्किंग स्थल नहीं है। ग्राहक दुकानों के सामने ही वाहन खड़े करते है। स्थान चिन्हित कर कम से कम दो पहिया वाहन पार्किंग बनाने और दिन में भारी वाहनों, ट्रेक्टर-ट्रालियों के प्रवेश पर रोक की मांग, वेरियर लगाने की मांग जोर पकड़ रही है।

हाथ ठेलों वालों और कुछ दुकानदारों द्वारा सड़कों तक सामान फैला दिए जाने से जाम विवाद की स्थिति बनती है। नगर परिषद के सीएमओ हरिशंकर वर्मा, टीआई कपिल गुप्ता ने व्यापार महासंघ अध्यक्ष, व्यापिरयों गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक भी की गई।

### हिंदू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

## गूगल सर्च में चिकन शॉप के स्थान पर दिख रहा श्रीहनुमान गढ़ी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

एक व्यक्ति ने जब अच्छी चिकन शॉप के लिए गूगल पर सर्च किया तो नगर की शान श्रीहनुमान गढ़ी मंदिर की लोकेशन आने की जब खबर हिन्दू संगठनों को लगी। धार्मिक भावनाए आहत होने, गूगल पर गलत जानकारी की मांग की गई। मामलों धार्मिक भावनाओं से जुड़ा होने से अ ति य न्त सम्वेदनशील बना हुआ है।



जैन मंदिर मार्ग पर एक चिकन शॉप है। उसी चिकन शॉप के साथ हनुमान गढ़ी मंदिर का फोटो शेयर और लोकेशन गूगल सर्च में आना आश्चर्य का विषय बना हुआ है।

चिकन शॉप और हनुमान गढ़ी मंदिर की दूरी लगभग 2 कि.मी. है। हिन्दू संगठन के लोग चिकन शॉप पर भी पहुंचें। रेस्टोरेंट के रूप में नानवेज विक्री भी दिखाने का आवेदन में उल्लेख किया गया। संगठनों ने प्रतिष्ठान की जाँच, प्रभावी कार्यवाही की मांग की जा रही है। गूगल मैप की जानकारी भी तुरन्त सुधार की माँग की जा रही है।

थाना प्रभारी कपिल गुप्ता को ज्ञपन सोंपते समय करणी सेना, हिन्दू संगठनों, दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारीयों सदस्यों की उपस्थिति रही। नगर की शान हनुमान गढ़ी मंदिर की छवि खराब करने का भी आरोप लगाया गया है।

वर्तमान में रमजान ईद और नवरात्रि के धार्मिक त्यौहार चल रहे है। इसे माहौल खराब करने के षडयंत्र के रूप में भी जा रहा है।

## मोबाइल लोकेशन से मिली सफलता, नाबालिग बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

जिले में नाबालिग गुमशुदा व अपहरण मामलों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पलेरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन की मदद से एक नाबालिग अपहर्ता को कटनी जिले से सकुशल बरामद कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में की गई।थाना पलेरा में धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज अपराध के अंतर्गत गुमशुदा या अपहरण के मामले में पुलिस लगातार सक्रिय थी। तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर टीम ने सटीक कार्रवाई करते हुए नाबालिग को कटनी से बरामद किया। बरामदगी के बाद नाबालिग को सुरक्षित उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया, जिससे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी एनडी कौदर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई। उक्त टीम में सहायक उपनिरीक्षक संतोष तिलगाम, फूलचंद्र बौद्ध, आरक्षक रमाशंकर कुशवाहा, रहमान खान साइबर सेल, मनमोहन रैदास, दीपक मिश्रा, प्रवेंद्र पटेल, लक्ष्मण पटेल, ललित कुशवाहा, नरेंद्र पटेल, अजय राजपूत, अनूप अनुरागी, नीतू विश्वकर्मा और मोनिका मुबेल सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## ईदगाह सहित नगर की मस्जिदों में ईद पर्व की विशेष नमाज आज

### ईद का चांद दिखने के साथ ही रमज़ान का पवित्र माह समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

शुक्रवार को शाम ईद का चांद दिखने पर फटाके फोड़ कर खुशियां मनाने, इवादत का रमज़ान माह समाप्त हो रहा है। नगर की परंपरानुसार आज शनिवार को सुबह ईदगाह, जामा मस्जिद, मंडी मस्जिद सहित नगर की अन्य मस्जिदों में मुस्लिम भाईयों द्वारा ईद की विशेष नमाज़ अदा की जाएगी।

रमजान के पाक एक माह तक नगर के विभिन्न हिस्सों में निवास करने वाले मुस्लिम परिवारों में रमजान माह में सिद्धत से रोजा रख कर अल्लाह की इवादत की जाती रही। शनिवार को ईद मनाये जाने की सूचना के साथ नगर के बाजारों में खरीददारी के लिए लोग सक्रिय हो गए। मिठी ईद पर सिमैया बनाने सामग्री खरीदने लोगों की दुकानों पर भीड़ बनी रही।



**गांवों से आएंगे मुस्लिम**

नगर के विभिन्न हिस्सों में निवास करने वाले हजारों मुस्लिम परिवारों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले मुस्लिम भाई भी नगर की मस्जिदों में नवाज अता करने आते है। ईदगाह, जामा मस्जिद, मंडी मस्जिद में सबसे अधिक भीड़ और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकवाद देने का सिलसिला बना रहता है।

### खेतों में खड़ी कटाई के इंतजार में फसलें, किसानों की बढ़ी धड़कनें

# रात में बिगड़ा मौसम, आंधी के साथ हुई बारिश

### शुक्रवार को दिन में निकली धूप, शाम को आंधी के साथ बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

चैत्र का महिना चल रहा है, सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में गेंहू, चना की फसलें कटाई के इन्तजार में खड़ी हुई है। गुरुवार की रात में अचानक मौसम बिगड़ा बिजली की चमक-दमक, आंधी के साथ हुई बारिश से पकी खड़ी फसलें आड़ी हो जाने के साथ कटी फसलें भीग जाने से किसान भारी चिंता ग्रस्त बने हुए है।

शुक्रवार की दिन में तेज धूप निकली शाम होते ही फिर बादलों की गर्जना और तेज आंधी के साथ कहीं तेज, कहीं धीमी बारिश से पुनः फसलें भीगने की स्थिति बनने से क्षेत्र के हजारों किसानों में आसमानी आफत का भय और दिलों की धडक़ने तेज बनी हुई है।



फसल कटाई के महत्वपूर्ण समय में दो दिनों से बिगड़ा खराब मौसम आसमान में बादलों का डेरा और बारिश होने से सूखी कटाई वाली फसलें भीगने से आड़ी होने और कटाई की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। भीगी फसलों की न तो हारवेस्टरों से कटाई होती है। और न ही कटी फसलों की थेंसिंग हो पा रही है। कृषि से सम्बन्धित कार्य बिगड़े खराब मौसम के कारण पिछड़ते जा रहे है।

**फसलों पर बना संकट**

भरपूर लागत, मेहनत के बाद किसानों के खेतों में खड़ी फसलों का दाना और कटी फसलों की समय से थ्रेसिंग न हो पाने के साथ आंधी बारिश का आसमानी संकट भारी चिन्ता का कारण बन रहा है। फसलों की कटाई के दौरान भीगी फसलों की बालियां और घेंटी खेतों में गिर जाने की चिन्ता किसानों को सताने के साथ आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है। फिलहाल किसान सूखी कटी फसलों को सुखाने और समय मिलते ही थ्रेसिंग कर दाने सुरक्षित घर लाने का प्रयास करते नजर आ रहे है।

**आसमान में छाये बादल**

शुक्रवार की शाम को आंधी बारिश होने के बाद भी आसमान में वर्षा वाले डरावने बादलों का डेरा बना रहने से पुनः बारिश की संभावना बनी हुई है। बारिश से दिन और रात के तापमान में गिरावट आने के साथ तपी धरती, मकानों पर बारिश के कारण भारी उमस का परेशानियों भरा माहौल बना हुआ है।


**कार्यालय नगर परिषद बाड़ी, जिला- रायसेन म.प्र.**

फैक्स नं. 07488-283427, फोन नं. 07488-263427, E-Mail-cmobadi@mpurban.gov.in

क्रमांक/366/न.परि./2026 // निविदा सूचना // दिनांक - 18/03/2026

नगर परिषद बाड़ी जिला रायसेन को बाड़ी नगर की पेयजल योजना के संचालन, संधारण एंव जल-शुद्धीकरण कर नगर में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाना है। अतः लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर लमसम आधार पर दरे ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं कार्यस्थल | अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_492479_1 | Operation and Maintenance work of Water treatment Plant, water distribution system and OHTs of badi town | 60.00 | 45000 | 10000 | 12 माह |

1. उपरोक्त निविदा ऑनलाईन बेवसाईट के माध्यम से दिनांक 19.03.2026 समय प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 20.04.2026 तक समय शाम 5.30 बजे तक क्रय कर दरें प्रस्तुत की जा सकती है। 2. दिनांक 22.04.2026 प्रातः 10.30 बजे को निविदा खोली जावेगी
3. निविदा में कोई भी संशोधन / परिवर्तन बेवसाईट के माध्यम से ही किया जावेगा।

श्रीमति ममता धर्मेन्द्र चौहान
अध्यक्ष, नगर परिषद बाड़ी
जिला - रायसेन म.प्र.

श्री सुरेश पाल
उपाध्यक्ष, नगर परिषद बाड़ी
जिला - रायसेन म.प्र.

ज्योति शिवहरे
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बाड़ी, जिला - रायसेन म.प्र.

## खबर संक्षेप

### नवमी पर चल समारोह को लेकर बैठक कल

**सिलवानी।** श्रीरामनवमी पर्व उत्साह, उमंग व आस्था के साथ मनाए जाने व चल समारोह की भव्यता को लेकर रविवार को नगर के मंगल भवन बजरंग चौराहा पर बैठक आयोजित की गई है। बैठक में हिंदु संगठनों के कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों से सहभागिता करने का आग्रह किया है। रघुवंशी समाज द्वारा आहूत बैठक में अगामी दिनो में राम नवमी के पावन पर्व पर निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर 22 मार्च रविवार को दोपहर 3 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। बैठक में शोभायात्रा के मार्ग, आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्था, सुरक्षा तथा विभिन्न जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर के सभी सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों द्वारा समस्त हिंदू सकल सनातन समाज, बजरंग दल, हिंदू उत्सव समिति सहित सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है, ताकि राम नवमी उत्सव को पूरे नगर में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा सके।

### मृतक के परिवार को मिले कलेक्टर ने दी सांत्वना

**रायसेन।** जिले के बाड़ी निवासी मृतक नर्मदा कहार की थ्रेसर की चपेट में आने से हुई दुखद मृत्यु के बाद जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने घटना को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम बरेली को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही एसडीएम बरेली, तहसीलदार बाड़ी एवं थाना प्रभारी राजेश तिवारी मृतक के निवास पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान मृतक के पुत्र को तत्काल 5 हजार रुपए की अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की गई। प्रशासन द्वारा आगे की राहत प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। कृषक कल्याण योजना के तहत प्रकरण तैयार कर मृतक किसान के परिवार को 4 लाख रुपए की सहायता राशि दिलाने की कार्यवाही जारी है। इस बीच कलेक्टर श्री विश्वकर्मा और एसपी आशुतोष गुप्ता ने बाड़ी पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मिले और परिजनों को ढांढस बंधाया।

### लोधी समाज ने शहर में निकाली बाइक रैली

**रायसेन।** शहर में शुक्रवार को 1857 की क्रांति की प्रणेता अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय समाज द्वारा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। दशहरा मैदान स्थित खेल स्टेडियम परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत रामलीला मैदान स्थित श्रीराम मंदिर और लोधी समाज धर्मशाला से हुई, जहां समाजबंधु एकत्रित हुए। यहां से 275 से अधिक मोटरसाइकिलों के साथ भगवा बाइक रैली निकाली गई। रैली प्रमुख मार्गो से होती हुई दशहरा मैदान पहुंचकर समाप्त हुई, जहां सभा का आयोजन किया गया।

---

**पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में बदलाव**

**कटाई से ऐन वक्त पर ओलावृष्टि और बारिश से बढ़ी किसानों की चिंता**

# खड़ी फसलों पर बरसी आसमानी आफत उत्पादन और रंग फीका पड़ने की आशंका





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए किसानों की चिंता को बढ़ा दी है। शुक्रवार की बीती रात को शहर सहित जिलेभर में हुई बेमौसम बारिश ने जहां एक ओर बढ़ती गर्मी पर ब्रेक लगा दिया। वहीं खेतों में खड़ी रबी सीजन की फसलों को नुकसान पहुंचाने की खबरें भी सामने आने लगी हैं। कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई, जिससे गेहूं, चना, मसूर और सरसों की फसल प्रभावित हुई है। जिला मौसम विभाग ने आगामी 24 से 48 घंटों में ओलावृष्टि की भी संभावना जताई है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

बारिश के चलते दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। पिछले कुछ दिनों से जहां तेज धूप और गर्मी का असर बढ़ रहा था। वहीं अचानक बदले मौसम ने लोगों को राहत भी दी। हालांकि किसानों के लिए यह राहत ज्यादा देर तक सुकून नहीं दे पाई। क्योंकि फसल कटाई के समय हुई बारिश नुकसानदायक साबित हो रही है।

### कटाई से पहले फसलों पर संकट, किसानों की बढ़ी चिंता

जिले की सिलवानी तहसील के जैथारी सर्किल सहित कई गांवों में अचानक हुई तेज़ हवा और बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। मौसम के इस बदले मिजाज ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं खेतों में खड़ी फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गेहूं और चना की फसलें पूरी तरह पककर तैयार हैं और किसान कटाई की तैयारी में जुटे थे। इसी दौरान हुई बारिश और तेज हवा ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कई स्थानों पर फसलें खेतों में ही झुक गई हैं, जिससे दानों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो उत्पादन में गिरावट आ सकती है।

### इनका कहना है

बेमौसम की तेज बारिश और ओले गिरने से खेतों में पकी खड़ी फसलों को नुकसान की संभावना है। किसान सतर्क रहें।
**- डॉ स्वप्निल दुबे**, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के कई जिलों में मौसम में बदलाव है। दो दिनों तक बादल छाए रहने, बारिश और ओले गिरने की संभावना बनी हुई है।
**- डॉ. एसएस तोमर**, मौसम विशेषज्ञ।

### बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता, खेतों में पकी खड़ी फसलें

**ऐसे समय में बारिश होती है तो किसानों को नुकसान तय**

## मौसम ने ली करवट, आसमान में बादलों का डेरा, हल्की बूंदाबांदी हुई

**दीवानगंज।** अंचल में बीती देर रात मौसम ने अचानक करवट ले ली है। बादलों की गरज के साथ करीब एक घंटे तक बारिश हुई, जिससे किसानों की फसलें आड़ी हो गईं। तेज हवा और बारिश के कारण गेहूं सहित अन्य रबी फसलें खेतों में गिर गईं, जिससे नुकसान की आशंका बढ़ गई है।

शुक्रवार दोपहर बाद एक बार फिर मौसम खराब हो गया और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें और गहरी हो गई हैं। कई किसानों की फसलें पहले से ही कटकर खेतों में पड़ी हैं, जबकि कई जगह फसल पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार है। ऐसे में बारिश जारी रहने पर भारी नुकसान हो सकता है।



किसानों का कहना है कि यदि मौसम साफ नहीं हुआ तो कटी हुई फसल खराब हो सकती है और खड़ी फसल भी गिरने से उत्पादन पर असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## ओलावृष्टि ने छीना किसानों के मुंह का निवाला

**गैरतगंज।** तहसील अंतर्गत देहगांव टप्पा के ग्राम इमली पानी, लिलगंवा और आसपास के अंचलों में मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

जिस सुनहरी फसल को किसान अपनी मेहनत के पसीने से सींचकर खलिहान तक लाने की तैयारी में था, उसे अचानक हुई भीषण ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश ने मिट्टी में मिला दिया है। यह बारिश नहीं, बल्कि अन्नदाता के अरमानों पर बरसी 'आफत' है।

### तबाही का मंजर: खेतों में बिछ गई 'सोने' जैसी फसल

क्षेत्र में गेहूं और चना की फसलें पूरी तरह पककर तैयार थीं। किसानों के घरों में कटाई की गूंज सुनाई देने वाली थी, लेकिन कुदरत के इस क्रूर प्रहार ने परिदृश्य बदल दिया। तेज हवाओं और ओलों की मार से खड़ी फसलें जमीन पर बिछ गई हैं। बारिश के कारण दानों के काले पड़ने और चमक खोने का डर है, जिससे सही दाम मिलना मुश्किल होगा।

### किसानों के चेहरों पर मायूसी के बादल

- हाड़ कंपा देने वाली ठंड में रातों को जागकर पाली गई फसल को बर्बाद होते देख किसानों की आंखों में आंसू आ गए। किसानों का कहना है कि फसल पकने के इस अंतिम चरण में हुई ओलावृष्टि सबसे ज्यादा घातक होती है। अब किसानों की अंतिम उम्मीद शासन और प्रशासन पर टिकी है। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन सर्वे कराकर मुआवजा प्रदान किया जाए।


---

# नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष का नगर में जगह-जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

भाजपा के बाड़ी मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल मोनू का नगर में जगह-जगह स्वागत का सिलसिला जारी है। इस नियुक्ति से हर वर्ग एवं हरवर्ण में अपार हर्ष व उत्साह स्वतः दिखाई दे रहा है

भाजपा बाड़ी मंडल अध्यक्ष के चयन में अन्य की दावेदारी को लेकर पेंच फंस गया था पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सभी दावेदारो के साथ अलग अलग बैठक कर योग्य अध्यक्ष के चयन पर मंथन किया तथा पार्टी के मापदंडों की कसौटी पर कसने के उपरांत युवा भाजपा नेता सरबजीत सिंह अटवाल उर्फ



मोनू को बाड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष घोषित कर दिया इस घोषणा की जानकारी मिलते ही हर्ष स्वरूप नगर में जमकर आतिशबाजी की गई थी।

नवनियुक्त बाड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष का नगर में जगह-जगह स्वागत का सिलसिला जारी है। हर स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वप्रेरणा से भारी भीड़ अटवाल को नियुक्त करने पर हर्ष का साक्ष्य देती दिखाई दे रही है। हाल ही में नगर के वार्ड क्रमांक 06 में पुरबिया समाज की ओर से आयोजित स्वागत समारोह मैं सरबजीत अटवाल का भव्य स्वागत किया गया। उससे पूर्व बाड़ी कला, सिरवारा, साढे बारह गांव, सुल्तानपुर सहित अन्य स्थानों पर समर्थकों में उत्साह व गर्मजोशी से नवनियुक्त अध्यक्ष का अपूर्व स्वागत किया गया।


**रायसेन किले से तोप चलाकर किया खुशी का इजहार**

# ईद-उल-फितर आज: चांद के दीदार पर मुस्लिम समाज में खुशियों की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

चांद के दीदार के साथ ही शहर सहित जिलेभर में मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ आज शनिवार को मनाया जाएगा। शहर काजी जहीर उद्दीन, मुस्लिम समाज के सदर इलियाज पठान ने बताया कि जैसे ही चांद नजर आने की पुष्टि हुई, लोगों ने एक-दूसरे को गल लगकर ईद की मुबारकबाद दी।

शहर की परंपरा के अनुसार रायसेन किले से तोप चलाकर ईद की खुशियों का ऐलान किया गया। जिसकी गूंज से पूरा शहर उत्साह में सराबोर हो उठा। ईद को लेकर बाजारों में शुक्रवार देर शाम तक जबरदस्त रौनक देखने को मिली।




### रमजान के अंतिम जुमा पर मस्जिदों में उमड़ी भीड़

**सिलवानी।** रमजान के अंतिम जुमा शुक्रवार को नगर की मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी नमाज अदा करने पहुंचे। नमाजियों ने अकीदत और श्रद्धा के साथ नमाज अदा कर देश और दुनिया में सुख, शांति और समृद्धि की दुआ मांगी। रमजान का अंतिम जुमा होने के कारण मस्जिदों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली। नमाज के दौरान लोगों ने एकजुट होकर अल्लाह की इबादत की और रमजान की बरकतों के लिए शुक्र अदा किया। इस दौरान समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी दिया।

### ईदगाह पर सुबह 7.45 पर होगी विशेष नमाज़

**सलामतपुर।** कस्बे सहित पूरे जिले में शनिवार को ईद उल फित्र का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। ईदगाह पर सुबह 7:45 पर जामा मस्जिद के पेशे ईमाम नसीम एहमद द्वारा ईद की विशेष नमाज पढ़ाई जाएगी। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पर ईद की नमाज़ पढ़ने के बाद सभी धर्मों के लोगों के गले लगकर ईद की मुबारकबाद देंगे। गौरतलब है कि ईद-उल-फितर (ईद-उल-फित्र) दरअसल दो शब्द हैं। 'ईद' और 'फित्र'। असल में 'ईद' के साथ 'फित्र' को जोड़े जाने का एक खास मकसद है।

---

**पुलिस की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर किया बहिष्कार का निर्णय**

# शांति समिति की बैठक का हिउस और मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पुलिस की कार्य प्रणाली से हिंदु संगठनों में लगातार नाराजगी देखी जा रही है। इसी के चलते शुक्रवार को थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक का हिंदू संगठनों सहित मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने बहिष्कार किया। जानकारी के अनुसार ईद-उल-फितर, नवरात्रि, रामनवमी, महावीर जयंती, हनुमान जन्मोत्सव सहित अगामी दिनों में आयोजित होने वाले पर्वो को शांति व सद्भाव के साथ मनाए जाने को लेकर चर्चा के लिए परंपरा अनुसार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक दोपहर के समय आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार तथा टीआई मौजूद रहे। लेकिन पुलिस की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर हिंदु उत्सव समिति, मुस्लिम त्यौहार कमेटी, विश्व हिंदु परिषद, बजरंग दल ने बैठक का बहिष्कार किया, कोई भी पदाधिकारी व सदस्य बैठक में नही पहुचें। संगठनों के पदाधिकारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली की जमकर आलोचना की।

ज्ञात रहे कि टीआई की कार्यप्रणाली चर्चाओं में बनी रही है, बीते दिनो भाजपा कार्यकर्ता भी गलत प्रकरण दर्ज किए जाने का आरोप लगाते हुए थाना तिराहे पर करीब 8 घंटे धरना आंदोलन भी कर चुके है। इसके अतिरिक्त यादव समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी सिलवानी आकर पुलिस की कार्वाही से असंतुष्ट होकर प्रशासन को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग कर चुके है।

हिंदू उत्सव समिति सिलवानी के अध्यक्ष राजीव सोनी ने कहा कि पुलिस की कार्य प्रणाली सहयोगात्मक नहीं है। शांति समिति की बैठकों में दिए प्रस्तावों पर कार्रवाही नहीं होती है। पुलिस की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर ही शांति समिति की बैठक का बहिष्कार किया है।

मुस्लिम त्यौहार कमेटी सिलवानी के अध्यक्ष राहिल खान ने कहा कि शांति समिति की बैठक की सूचना बिलंब से प्राप्त हुई तथा पुलिस मुंह देखा व्यवहार करती है। पुलिस की कार्य प्रणाली से मुस्मिल त्यौहार कमेटी संतुष्ट नही है। जिसके चलते शुक्रवार को आयोजित शांति समिति की बैठक का बहिष्कार किया गया।

---

**हर मनोकामना होती है पूरी, मातारानी के होने का अद्भुत अहसास**

# पाकिस्तान के बाद रायसेन के बाड़ी में विराजी मां हिंगलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के बाड़ी तहसील में स्थित मां हिंगलाज देवी का मंदिर लगभग 500 वर्षों से आस्था का प्रतीक है। यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है और इसका इतिहास पाकिस्तान के बलूचिस्तान मां हिंगलाज देवी मंदिर से जुड़ा हुआ है।

मान्यता है कि मां हिंगलाज देवी अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। इसलिए राज्य भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित यहां शारदीय और चैत्र नवरात्रि पर्व में पूजन दर्शन करने मनोकामनाएं मांगने और माता रानी के दरबार में मत्था टेकने जरूर आते हैं।

### मां हिंगलाज ने भक्त को स्वप्न में आकर दी थी दिशा

माना जाता है कि करीब 500 साल पहले देवी ने अपने परम भक्त पंडित महंत भगवान दास को स्वप्न में आकर कहा कि उन्हें पाकिस्तान के बलूचिस्तान से ज्योति कलश के रूप में




मेरी ज्वाला को लाया जाए। इसके बाद महंत भगवान दास वहां गए और देवी को ज्वाला के रूप में लेकर बाड़ी में स्थापित किया। तब से मंदिर में लगातार अखंड ज्योति जल रही है और देवी मां हिंगलाज देवी के रूप में विराजमान हैं। तभी से यहां सालों से मंदिर में अखंड ज्योति भक्तों द्वारा जलाई जा रही है। मंदिर के इतिहास के मुताबिक 16वीं शताब्दी से जुड़ा हुआ है।

मंदिर के पुजारी पंडित नारायण शर्मा के अनुसार बाड़ी और बलूचिस्तान पाकिस्तान की देवी हिंगलाज माता सभी संप्रदाय की आस्था से जुड़ी हुई है। यहां सभी जातियों के देवी भक्त नंगे पांव पदयात्रा निकालकर माता के झंडे लगाने जाते हैं माता रानी के दरबार में मत्था टेक मुरादें मांगते हैं।

### भक्तों के दर्शन मात्र से पूरी होती हर मनोकामनाएं

भक्तों का मानना है कि मां हिंगलाज देवी मंदिर में दर्शन मात्र से हर इच्छा पूरी होती है। यहां से कोई भी खाली हाथ नहीं जाता। यही कारण है कि भारत देश और एमपी के कोने-कोने से श्रद्धालु इस देवी हिंगलाज शक्तिपीठ मंदिर में आकर देवी की कृपा प्राप्त करते हैं।

### भक्तों में मां के प्रति गहरी आस्था

एक भक्त का कहना है कि मां हिंगलाज देवी मंदिर बाड़ी में आकर ऐसा लगता है जैसे एक बच्चे को अपनी मां की गोद में जो सुखचैन मिलता है। हिंगलाज देवी मंदिर के महंत भगवान दास माता हिंगलाज देवी के अनन्य भक्त थे। उन्होंने मंदिर परिसर में खाकी अखाड़े की स्थापना की थी। जहां सुबह शाम कई नामी गिरामी पहलवान व्यायाम किया करते थे।

# चेती चांद पर भगवान झूलेलाल की निकाली शोभायात्रा, गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में शुक्रवार को चेती चांद पर्व के अवसर पर सकल सिंधी समाज पंचायत द्वारा भगवान झूलेलाल के 1077वें जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सकल सिंधी पंचायत के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा की शुरुआत मुखर्जी नगर कॉलोनी स्थित सिंधी समाज गुरुद्वारे से बैंड-बाजों के साथ हुई।

शोभायात्रा में शामिल समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए भगवान झूलेलाल के जयकारे लगाते रहे। जैसे-जैसे यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### पारंपरिक वेशभूषा में झूमे सिंधी समाजजन



शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर समाजजनों का स्वागत किया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक आकर्षक बना दिया। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा पुनः गुरुद्वारा पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना, आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सकल सिंधी समाज सेवा समिति एवं समाज के वरिष्ठजनों ने चेती चांद पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सिंधी नववर्ष का प्रतीक है।